# बहन की शादी की चल रहीं तैयारियां, भाई की मौत से कोहराम

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 मार्च।** सड़क हादसे में जान गंवाने वाला विशाल अपने घर का इकलौता चिराग था। 27 अप्रैल को विशाल की बहन की शादी होने वाली है, जिसके लिए घर में तैयारियां जोरों पर चल रहीं

**परिवार में इकलौता पुत्र था मृतक विशाल, 27 अप्रैल को होनी है बहन की शादी**

है। इसी बीच भाई विशाल की मौत की खबर घर पहुंचीं तो कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। विशाल ने कुछ ही दिनों पहले हायरसेकेंडरी की परीक्षा दी थी। छुट्टियां मनाने के लिए विशाल अपने मौसेरे भाई शिवम के साथ 7 मार्च को ग्वालियर में रह रहे अपने पिता के पास घूमने आया था।



**शिवम के परिजन बोले समय पर इलाज न मिलने से गई जान :** हादसे की खबर मिलने के बाद मुरैना पहुंचें मृतक शिवम के रिश्तेदार राजकुमार वर्मा का कहना था कि हादसे के बाद मौके पर दो एंबुलेंस पहुंच गईं थी। लेकिन घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय दोनों एंबुलेंस वाहनों के ड्राईवर आपस में झगड़ा करने लगे। इस दौरान घायल शिवम सहित अन्य मौके पर तड़पते रहे। राजकुमार का कहना है कि शिवम को यदि समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया जाता और इलाज शुरू हो जाता तो संभवत: उसकी जान बच जाती।

उधर एक्सीडेंट में मृत हुए शिवम के रिश्तेदार राजकुमार वर्मा का आरोप है कि रात को गंभीर रूप से घायल शिवम दर्द से तपड़ रहा था और ठीक से बातचीत भी कर रहा थाए लेकिन मौके पर पहुंची दो प्राइवेट एंबुलेंस चालक इस बात को लेकर झगडने लगे कि मरीज को मैं ले जाऊंगाए अगर समय पर अस्पताल पहुंच जाता तो उसको इलाज मिल जाताए उसकी जान भले ही नहीं बचती लेकिन दिल को तसल्ली को मिल जाती है कि उसका इलाज कराया गया।

**दोस्त अरुण के साथ कैलादेवी जा रहे थे शिवम-विशाल**

शिवम और विशाल की ग्वालियर में फास्ट फूड की रेहड़ी लगाने वाले अरुण प्रजापति से दोस्ती हो गई थी। तीनों दोस्तों से मंगलवार को कैलादेवी मंदिर जाने का प्लान बनाया। जिसके बाद रात को वे तीनों बाइक पर सवार होकर कैलादेवी रवाना हुए, लेकिन मंदिर पहुंचनें से पहले ही हाईवे पर हादसा हो गया। जिसमें तीनों की मौत हो गई।

**इनका कहना है...**

एक बाइक पर मैं और प्रदीप वर्मा जबकि दूसरी बाइक पर शिवम, विशाल और अरुण थे, जो हमसे आगे चल रहे थे। शिवम वगैरह की बाइक को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी, विशाल व अरुण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जख्मी शिवम सड़क पर पड़ा हुआ तड़प रहा था। मौके पर दो एंबुलेंस पहुंचीं, घायलों को ले जाने उनके ड्राईवर आपस में झगड़ा करने लगे, जिसकी वजह से अस्पताल पहुंचनें में देरी हुई। अगर समय रहते जख्मी शिवम को अस्पताल पहुंच गया होता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।

**- राजकुमार वर्मा**
**मृतक शिवम का रिश्तेदार**

**छुट्टियां मनाने ग्वालियर आए थे मौसेरे भाई शिवम-विशाल :** मऊरानीपुर जिले के रानीपुर निवासी महेन्द्र वर्मा ग्वालियर में रहकर मजदूरी करते है। उनके पुत्र शिवम वर्मा ने हाल ही में हाईस्कूल की परीक्षा दी थी तो वहीं शिवम के मौसेरे भाई विशाल वर्मा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा दी थी। दोनों भाई छुट्टियां मनाने के लिए 7 मार्च को ग्वालियर आए थे।

# जौरा में कल रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**मुरैना/जौरा, 25 मार्च।** सर्व हिंदू समाज के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर कल 27 मार्च को कस्बा जौरा में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन को बुधवार को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक सिंघल, डॉ. रवि माहेश्वरी, डॉ. बीके गर्ग, नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष जगदीश शुक्ला, जेपी पाराशर आदि उपस्थित थे। समाजसेवी आशीष गर्ग एवं रूद्र दुबे ने बताया कि 27 मार्च को भगवान श्रीराम की शोभायात्रा एसएएफमैदान से प्रारंभ होगी। जिसके बाद एमएस रोड, मई रोड, चंद्रशेखर आजाद रोड, नया बाजार, तहसील चौराहा, सदर बाजार सहित अन्य प्रमुख मार्गों से होकर पुन: एसएएफ मैदान पहुंचेंगी। जहां समापन होगा। समाजसेवियों ने नगरवासियों से शोभायात्रा में शामिल होने का आव्हान किया है।



## एक नजर में

### मीटर बायपास कर विद्युत चोरी करने वाले को 6 माह कैद

**मुरैना, 25 मार्च।** मीटर को बायपास कर 77 हजार रुपए से अधिक की बिजली चोरी करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम की अदालत ने दोषी को 6 माह की जेल की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2023 को जरदान सिंह पुत्र राजाराम निवासी एबी रोड हरिजन मंदिर के पास बानमोर के घर बिजली कंपनी की टीम ने छापामार कार्रवाई की। आरोपी ने अपने परिसर में लगे विद्युत मीटर को बायपास कर सीधे तार जोड़कर (डायरेक्ट हुकिंग) बिजली का अवैध उपयोग किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आरोपी बिना अनुमति 4200 वाट का हीटर, 100 वाट का बल्ब, 850 वाट की बेल्डिंग मशीन सहित कुल 8878 वाट का लोड चला रहा था। इस प्रकार लगभग 77,691 रुपए की विद्युत चोरी की गई। बिजली कंपनी ने आरोपी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 (1) (क) के तहत केस बनाकर चालान न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधीश ने बिजली चोरी के प्रकरण में आरोपी जरदान सिंह को दोषी मानते हुए 6 माह के कारावास की सजा सुनाई है।

### आज महाअष्टमी पर महामाया मंदिर पर होगा हवन-पूजन

**मुरैना।** श्रीमूर्ति महामाया मन्दिर पर चैत्र मास के नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। नवरात्र के मौके पर महामाया मंदिर पर आज मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की झांकियों का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज महाअष्टमी के अवसर पर रात्रि 11 बजे से पं. बनवारीलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सामूहिक हवन का आयोजन होगा। महामाया मंदिर न्यास कमेटी ने श्रद्धालुओं से हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### आंबा केन्द्रों पर हुआ विद्यारंभ संस्कार, बच्चों को बांटी पुस्तकें

**मुरैना/जौरा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत मई की आंगनबाड़ी केंद्र व शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना अधिकारी रचना जैन, आरती राजपूत, परामर्शदाता आईसीटीसी सिविल हॉस्पिटल जौरा संदीप सेंगर, पर्यवेक्षक ज्योति शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोर-किशोरियां मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र, लंच बॉक्स, स्टेशनरी आदि सामग्री किट के रूप में प्रदान की गई। मुरैना शहर में भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ संस्कार के मौके पर समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बच्चों को किट बांटी गई। महिला बाल विकास विभाग मुरैना शहरी के वार्ड-13 केशव कॉलोनी के आंगनबाड़ी केंद्र पर भाजपा नेता राघवेन्द्र उपाध्याय ने बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्वल्पाहार वितरण किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्तागण ऊषा तिवारी, मंजू शर्मा, ऊषा गुप्ता, सुमन अवस्थी, मोनिका शर्मा, भारती ठाकुर आदि मौजूद रहीं।



## 9 दिन पूर्व चोरी हुई 3 लाख की भैंस बरामद, चोर पकड़ा


**मुरैना/रामपुरकलां, 25 मार्च।** सिंगारदे खालसा गांव से 17 मार्च को चोरी हुई सात भैंसों को रामपुरकलां थाना पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने भैंस चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। जानकारी के अनुसार सिंगारदे खालसा निवासी बंटी कुशवाह 17 मार्च को अपनी खेतों को नदी किनारे खेत में चराने छोड़ आया था। इसी दौरान अज्ञात चोर इन भैंसों को हांककर ले गए। जब बंटी खेत पर लौटा तो उसकी भैंसें गायब थीं। इसके बाद ग्रामीणजन एकत्रित होकर पुलिस थाने पहुंचे, तब पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। रामपुरकलां थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने बताया कि चोरी की भैंस बरामद करने के लिए जब मुखबिरों की मदद ली तो आरोपियों पर दबाव बढ़ा, जिसके बाद सभी भैंसों को रूनघान गांव के पास सड़क किनारे से बरामद किया। पुलिस ने हल्के यादव निवासी खुड़वास को भी गिरफ्तार किया है, जिससे अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ चल रही है।

# नए विधेयक के विरोध में पेंशनर्स ने मनाया ब्लैक-डे, दिया ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 मार्च।** केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 25 मार्च को प्रस्तुत नवीन विधेयक को पारित किए जाने के विरोध में विभिन्न पेंशनर्स संगठनों ने एकजुट होकर 25 मार्च को ब्लैक-डे के रूप में मनाया। इस मौके पर पेंशनर्स संगठनों की ओर से ज्ञापन भी दिया गया।

पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए विधेयक में 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले और 1 जनवरी 2026 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन लाभों में अंतर करते हुए विभिन्न प्रकार की कटौती किए जाने का प्रावधान किया गया है। जिससे पेंशनरों के भविष्य के लाभ प्रभावित होंगे, इस विधेयक के आने से पेंशन राशि वृद्धि होने की आशंकाएं भी पैदा हो गईं है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे। पेंशनरों ने कलेक्ट्रेट के गेट पर प्रदर्शन किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में बीएल टुंडेले, धर्मेन्द्र यादव, हरीराम पचौरिया, पीएस तोमर, केएल चौहान, सुरेश शुक्ला, सुल्तान सिंह सिकरवार, विमलचंद्र जैन, मुरारीलाल प्रजापति, रघुवीर प्रसाद सक्सैना, गिरवरलाल शाक्य, रामदीन राही, रामानंद अछाई, दिनेश श्रीवास्तव, फूल सिंह पहाड़िया, कदम सिंह खरे, सोबरन टुंडेलकर, भगवानदास शाक्य, टीकम सिंह शाक्य, रामहेत पिप्पल, आर आलौरिया, चेतराम शाक्य आदि शामिल थे।



**जौरा में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन**

केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए नए विधेयक के विरोध में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की जौरा इकाई ने 25 मार्च को ऑल इंडिया पेंशनर फेडरेशन के आव्हान पर वैधता अधिनियम-2025 के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर हरिओम पाराशर, सोनेराम शर्मा, रामेश्वरदयाल शर्मा, विनोद दुबे, राजकिशोर पाराशर, पीसी गोयल, तेजराम शाक्य, अरविंद गुप्ता, आरएल श्रीवास्तव, शिवचरणलाल शर्मा, सुरेन्द्रपाल शर्मा, एसके अग्रवाल, रामेश्वरलाल शर्मा, ज्योतिप्रसाद श्रीवास्तव, कृष्णगोपाल दुबे, हरिशंकर मुदगल, देवेश सक्सैना, मुरारीलाल कुशवाह, नंदराम शुक्ला, ओमप्रकाश शाक्य, रघुनंदन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र : दुर्गाष्टमी पर आज चढ़ेंगे नेजे, निकलेगी शौर्य यात्रा





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 मार्च।** चैत्र नवरात्रि में मंदिरों पर दर्शनों के लिए जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस बार अष्टमी और महानवमी तिथि का क्षय होने से लोग असमंजस में हैं कि समापन व्रत कब धारण करेंगे। ज्योतिषियों की मानें तो इस बार महाअष्टमी का उपवास 26 मार्च को रखा जाएगा। अष्टमी तिथि 25 मार्च दोपहर 1.50 बजे से शुरू होकर 26 मार्च को सुबह 11.48 बजे तक रहेगी। कन्या पूजन और उपवास पारण 26 मार्च को अष्टमी तिथि के समापन पर यानि 11.49 बजे के बाद या फिर 27 मार्च को किया जा सकता है।

चैत्र नवरात्रि पर अंचल के प्राचीन बसैय्या वाली माता, अंबाह के हीरो माता मंदिर, निरार माता, बड़ोखर वाली माता, मंशापूर्ण माता, महामाया मंदिर, महालक्ष्मी देवी मंदिर, नैनागढ़ रोड स्थित काली माता मंदिर, मीनाक्षी देवी मंदिरों पर मेले लग रहे हैं, जहां हजारों की संख्या में रोज लोग दर्शनों को पहुंच रहे हैं। वहीं अंचल की प्राचीन बसैय्या वाली माता मंदिर पर श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए दर्शनों को पहुंच रहे हैं। अष्टमी और महानवमी तिथि के संयुक्त मुहूर्त में बसैय्या वाली माता, मड़ वाली माता पर श्रद्धालु नेजे चढ़ाएंगे।

**मुरैना में आज निकलेगी शौर्य जागरण यात्रा, तैयारियां पूरीं**

सनातन महासभा युवा सेना के तत्वावधान में 26 मार्च को शहर में विशाल भगवा शौर्य जागरण यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। शौर्य जागरण यात्रा दोपहर एक बजे जौरा रोड स्थित टेलीफोन बाबा हनुमान मंदिर से शुरू होगी, जो एमएस रोड होते हुए रामजानकी मंदिर तक जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा के समापन पर शाम 4 बजे से टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रमए भजन-कीर्तन के साथ शाम 5 बजे से संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।

# अलापुर में बत्ती गुल होने से पेयजल सप्लाई ठप

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 मार्च।** कस्बे से सटे अलापुर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। डीपी का कनेक्शन काटे जाने के बाद पूरे गांव की पानी सप्लाई ठप हो गई, जिससे लोगों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया। सुबह होते ही जब घरों में पानी नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों को मजबूर होकर इधर-उधर भटकना पड़ा।

जानकारी के अनुसार गांव के वाटर वर्क्स की मोटर का कनेक्शन इसी डीपी से जुड़ा हुआ है। जैसे ही डीपी का कनेक्शन काटा गया, मोटर बंद हो गई और पानी सप्लाई रुक गई। ग्रामीणों का कहना है कि वे समय पर बिजली बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के इस तरह की कार्रवाई करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। इस दौरान भाजपा नेता राजकुमार यादव भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या सुनी। उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी अधिकारी उपलब्ध नहीं था। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

**-ग्रामीण बोले बिजली चालू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन :** ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली कनेक्शन बहाल कर पानी सप्लाई शुरू नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल पूरे गांव में पानी को लेकर हाहाकार की स्थिति बनी हुई है और लोग राहत का इंतजार कर रहे हैं।


**इनका कहना है...**

डीपी से गांव की पानी सप्लाई का कनेक्शन जुड़ा है, जिससे बिजली कटते ही पानी की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। विभाग को पहले वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी।

**- मंजू राजकुमार यादव**
**सरपंच अलापुर**

# अवैध कटाई कर लकड़ी ले जा रहे 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त


**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 25 मार्च।** पहाड़गढ़ के जंगलों से चोरी छिपे वनभूमि से लकड़ियां काटकर ले जा रहे 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को वन विभाग की टीम ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस दौरान एक ट्रैक्टर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं दूसरा अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला।



वन परिक्षेत्र अधिकारी हिना खान के नेतृत्व में पहाड़गढ़ एवं वन परिक्षेत्र सबलगढ़ की संयुक्त गश्ती टीम ने गोल्हारी में करधई की लकड़ी से भरी एक अवैध ट्रैक्टर-ट्रॉली देखी। गश्ती दल ने जब इसे रोकने की कोशिश की तो ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली को भगाने लगा, जिसे बाद में वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर ने अपना नाम रामलखन यादव निवासी गोल्हारी बताया। वनकर्मियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। इसी प्रकार बीट ठेर में गश्त के दौरान एक और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई, जिसमें करधई की लकड़ी भरी हुई थी। वन विभाग की टीम को देखकर ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहा ड्राइवर मौके से भाग गया। वनकर्मियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर उसे कैलारस रेंज कैंपस में रखवाया है।

# भवानी ने कैंची दांव व रामअख्तार ने धोबी पछाड़ से चित किया विरोधी पहलवान





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 25 मार्च।** नगर एक बार फिर पारंपरिक खेल

**अंबाह के पचासा मैदान में हुआ दंगल का आयोजन, देर रात तक चले मुकाबले**

कुश्ती के रंग में सराबोर नजर आया। जब नपा द्वारा पचासा मैदान में अंबाह-पोरसा तहसीलस्तरीय केसरी दंगल का आयोजन किया गया। शाम ढलते ही पहलवानों के दमखम का ऐसा संग्राम शुरू हुआ, जिसने देर रात तक दर्शकों को रोमांचित बनाए रखा। हर मुकाबले में जीत की जिद और हार का दबाव साफ झलकता रहा। कई मुकाबलों में पहलवानों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए कैंची दांव जैसे तकनीकी दांवों का शानदार उपयोग किया, जिसने दर्शकों को सीटों से उठने पर मजबूर कर दिया। कई मुकाबले इतने कांटे के रहे कि अंतिम क्षणों तक परिणाम अधर में लटका रहा और जैसे ही निर्णायक दांव लगाए पूरा मैदान तालियों, हूटिंग और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

दंगल का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला 90 किलो भार वर्ग में खेला गया। जहां सिंहपुरा के भवानी सिंह तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बलराम पहलवान को पराजित कर अंबाह-पोरसा केसरी का खिताब जीता। मुकाबला बेहद कांटे का रहा निर्णायक दांव लगाते ही भवानी सिंह की जीत तय हुई और पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विजेता भवानी सिंह को 11 हजार रुपये नगद व बुर्ज, जबकि उपविजेता बलराम को 5100 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

**चार भार वर्ग, 28 कुश्तियां हर मुकाबला रहा दमदार :** दंगल में कुल चार भार वर्गों में 28 मुकाबले हुए। जिनमें क्षेत्रभर के पहलवानों ने दमखम दिखाया। 45-55 किलो वर्ग में रामअख्त्यार विजेता 4100 और मिलन उपविजेता 2400 रहे। 56-70 किलो वर्ग में रामानुज विजेता 6100 और शत्रुघ्न उपविजेता 2500 रहे। 71.85 किलो वर्ग में लवकुश विजेता 7100 और राजेश उपविजेता 3100 रहे। वहीं 90 किलो से अधिक भारवर्ग में भवानी सिंह विजेता 11000 बुर्ज, बलराम उपविजेता 5100 रहे। इसके अलावा भारत सिंह, रवि सिंह, हरपाल, शिवराम, ऋषि, मनोज, सुमित और आदित्य सहित कई पहलवानों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता।

**लोकल आयोजनों से निखरती हैं प्रतिभाएं : नपाध्यक्ष**

दंगल का शुभारंभ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने किया। वहीं पुरस्कार नगरपालिका अध्यक्ष अंजलि जैन, एसडीएम रामनिवास सिकरवार ने बांटे। अतिथियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**अब जिलास्तर पर होगा बड़ा मुकाबला**

आयोजकों ने बताया कि 3 अप्रैल को जिला केसरी दंगल होगा, जिसमें जिलेभर के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे।

# पटरियां पार कर रहे युवक को रेलवे टावर वैगन ने टक्कर मारी, मौत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 मार्च।** ग्वालियर-श्योपुर ब्रॉडगेज लाईन पर जौरा के पुराने रेलवे स्टेशन के पास पटरियां पार कर रहा युवक रेलवे टावर वैगन की चपेट में आ गया। जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बुधवार की दोपहर होना बताया गया है।

**जौरा थाना क्षेत्र में बुधवार को हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार कस्बा जौरा के सविता नगर में रहने वाला सुनील सविता 35 पुत्र लाखन सविता बुधवार की दोपहर जौरा के पुराने रेलवे स्टेशन के पास पटरियां पार कर रहा था। इसी दौरान रेलवे लाईन के मेंटनेंस सहित अन्य कार्यों को करने के लिए ट्रेक से गुजर रहे रेलवे टावर वैगन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मै बृजमोहन सिंह जादौन पुत्र श्री बीरबल सिह जादौन, निवासी ग्राम कोलिया पोस्ट राजाकातोर तहसील सबलगढ़ जिला मुरैना म.प्र. आधार क्र. 2631 4769 4752 मेरा विवाह नेहा भदौरिया पुत्री कल्यान सिंह भदौरिया निवासी नारायण विहार कालोनी ग्वालियर के साथ संम्पन्न हुआ है। मेरे सर्विस संवन्धी सभी दस्तावेजो में मेरी पत्नी का नाम नेहा भदौरिया लिखा हुआ है। जिससे परेशानी आ रही है। मेरे द्वारा अपनी पत्नी नेहा जादौन पत्नी बृजमोहनसिंह जादौन के नाम से आधार कार्ड क्र. 8051, 0244 2214 एवं पेन कार्ड नं. FJDPB 6749G में मेरे द्वारा सुधार करवा लिया गया है जो संलग्न प्रस्तुत है। मेरे सर्विस संवंन्धी सभी दस्तावेजो में मेरी पत्नी का नाम नेहा जादौन पत्नी श्री बृजमोहन सिह जादौन अंकित किये जाने हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

**दिनांक 21.02.2026**

**शपथकर्ता**
**बृजमोहन सिंह जादौन पुत्र श्री बीरबल सिह जादौन निवासी ग्राम कोलिया पोस्ट राजाकातोर तहसील सबलगढ़ जिला मुरैना म.प्र.**